शनिवार
24 सितम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



पकड़ा गया पच्चीस हजार का इनामी 



## शहर के कार्यक्रम

- कृषि टास्क फोर्स की बैठक, कलेक्ट्रेट सभागार सुबह 10:00 बजे
- जिला निबन्धन एवं परामर्श केन्द्र का निरीक्षण करेंगे जिलाधिकारी सुबह 10:30 बजे

## शहर छोटी खबरें

### पीएमसीएच के जूनियर डॉक्टर का हड़ताल जारी

**पटना ।** बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच के जूनियर डॉक्टर एक बार फिर से हड़ताल पर चले गये हैं। शुक्रवार को उनके हड़ताल का दूसरा दिन रहा। छात्रों ने बड़ी संख्या में आकर ओपीडी का रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद करा दिया। दूसरे दिन भी ओपीडी सेवा पूरी तरीके से ठप रही। जिससे मरीज को काफी परेशानी का सामना करना पर रहा है। जूनियर डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि बुधवार की रात पीएमसीएच की इमरजेंसी में एक मरीज की मौत के बाद उसके परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जूनियर डॉक्टरों के साथ मारपीट की थी। गुरुवार की सुबह 4 बजे बड़ी संख्या में पहुंचे मरीज के परिजनों ने जूनियर डॉक्टरों के साथ मारपीट की और हॉस्टल में ईंट-पत्थर फेंके।

### सोनिया गांधी से मिलेंगे सीएम व लालू

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद 25 सिंतबर को कांग्रेस की आलाकमान सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात इसलिए मायने रखती है कि 2024 में लोकसभा का चुनाव है और नीतीश कुमार ने भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट करने का बीड़ा उठाया है। जदयू नीतीश कुमार को देश का प्रधानमंत्री बनाने की मुहिम में लगी है। लालू प्रसाद उस मुहिम में जदयू के साथ हैं। यह और बात है कि नीतीश कुमार, रणनीति के तहत हर कार्यक्रम में यह कह रहे है।

# प्रधानमंत्री बनने के लिए नीतीश कुमार आरजेडी और कांग्रेस की गोद में बैठ गए है : अमित शाह

## पूर्णियां में आयोजित सभा के दौरान केंद्नीय गृहमंत्री ने नीतीश और लालू पर जमकर साधा निशाना

- दावा : 2025 में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में बनाएगी सरकार

**केटी न्यूज / पूर्णिया**



बिहार में सत्ता से बेदखल होने के बाद भारतीय जनता पार्टी में नई जान डालने, कार्यकताओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और राज्य के लोगों में भरोसा जगाने के उद्देश्य से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को पूर्णिया पहुंचे। यहां आयोजित सभा के दौरान पहले तो उन्होंने राज्य के मुखिया नीतीश कुमार को जमकर खरी-खोंटी सुनाई। इसके बाद उन्होंने पूर्व सीएम व आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव को भी नहीं बख्शा। लालू प्रसाद के शासनकाल को जंगल राज की संज्ञा देते हुए लोगों से पूछा कि क्या उन्हें ऐसी ही सरकार चाहिए। उन्होंने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सत्ता के लोभी हैं। प्रधानमंत्री बनने के लिए वे आरजेडी और कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गए। अमित शाह ने कहा कि नीतीश कुमार ने गठबंधन को तोड़कर छुरा घोंपने का काम किया है।

**आमजन को दिया भरोसा, डरिएगा नहीं, यहां मोदी की सरकार है :** उन्होंने कहा कि सिमांचल का इलाका नरेंद्र मोदी के भारत में है। यहां के 4 जिलों के लोगों को कहना चाहता हूं कि यहां किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मैं सभी को कहने आया हूं डरिएगा नहीं। यहां नरेंद्र मोदी की सरकार है। सीमांत जिलों में जनजातियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें भगाया जा रहा है। केंद्र से भेजे जाने वाली राशि नहीं मिल रही है।

**नीतीश ने जॉर्ज फर्नांडिस और मांझी के साथ भी धोखा किया:** प्रधानमंत्री बनने के लिए फ्ख्ऊऔर कांग्रेस की गोदी में नीतीश बैठ गए। नीतीश कुमार ने जॉर्ज फर्नांडिस के साथ भी धोखा दिया। मांझी के साथ धोखा किया। अब बीजेपी को धोखा देकर लालू के पास चले गए। ये धोखा मोदी जी के साथ नहीं हुआ है। बिहार की जनता के साथ हुआ है। कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव आने दीजिए, बिहार की जनता लालू-नीतीश की जोड़ी का सफाया कर देगी। 2025 में भी भाजपा पूर्ण बहुमत से बिहार में सरकार बनाएगी।

**षड्यंत्र करने वाले सरकार में बैठे हैं:** जनसभा में अमित शाह ने लोगों से सवाल किया। बताइए, आपको जंगल राज चाहिए। फिर से अपहरण वाला राज्य चाहिए। फिर से जातीय हिंसा वाली सरकार चाहिए। अगर लालू सरकार में हैं तो कैसे कोई बचेगा। जिस दिन नई सरकार ने शपथ ली, उसी दिन से जंगलराज आ गया। नीतीश जी कहते हैं कि षड्यंत्र है। कौन षड्यंत्र कर रहा है। षड्यंत्र करने वाले सरकार में बैठे हैं। चारा घोटाला करने वाले मंत्री बनकर बैठे हैं।

**बिहार सरकार को केंद्र ने 1.50 लाख करोड़ रुपए दिए :** केंद्रीय गृहमंत्री ने मोदी सरकार का हिसाब भी दिया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार को 1.50 लाख करोड़ केंद्र ने दिया है। उन्होंने 1.35 लाख करोड़ के कार्यों का हिसाब दिया। अमित शाह ने कहा कि अब तक आपने भाजपा को समर्थन दिया, लेकिन अब तक लगड़ी सरकार बनी है। आप भाजपा को पूर्ण बहुमत दीजिए, हम विकास की बयार बहा देंगे। देश का सबसे विकसित राज्य बनाएंगे।

### भाजपा प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने किया पलटवार

वहीं भाजपा के प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि कॉमेडी का पर्याय तो लालू प्रसाद रहे हैं। ये पूरी दुनिया जानती है। बिहार उनके शासनकाल में मजाक बन गया था। लोगों को नीतीश-तेजस्वी सरकार देख कर पुराना लालू राज याद आ रहा है। लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के सभी नेताओं को घबराहट हो रही है। अमित शाह के आने से सीमावर्ती क्षेत्रों में बिहार के लोगों को सुरक्षा का पुख्ता भरोसा हुआ है। साथ- साथ उन्होंने गरीब कल्याण योजनाओं को और भी मजबूत बनाने का काम किया है। पिछड़े क्षेत्र में विकास का रास्ता खोलने का काम किया है।

### डिप्टी सीएम बोले, अमित शाह का भाषण कॉमेडी शो

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण को राज्य के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कॉमेडी शो बताया। वहीं भाजपा का कहना है कि कि कॉमेडी के पर्याय तो दुनिया के सामने लालू प्रसाद रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि गृह मंत्री कह रहे थे बिहार को नंबर वन राज्य बना देंगे। हर जगह भेदभाव किया जा रहा है। अब तक बिहार को नंबर वन राज्य क्यों नहीं बनाया? शिक्षा विभाग में, ग्रामीण सड़कों के लिए पैसा नहीं दिया जा रहा है। इन लोगों के पास कुछ भी बोलने के लिए नहीं है। क्या भाषा है। जिस तरह के अमित शाह बोल रहे थे, हमें हंसी आ रही थी। एकदम कॉमेडी शो चल रहा था।

# एनएचएआई के सीजीएम को 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों किया गिरफ्तार

## मामले में एक निजी कंपनी के दो कर्मचारियों को भी किया गया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य में सीबीआई की छापेमारी जारी है। शुक्रवार को भी सीबीआई ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएचएआई (नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के ऑफिस में छापेमारी की। जहां एनएचएआई के सीजीएम सदरे आलम को 5 लाख रुपये का रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। जांच एजेंसी ने सीजीएम के साथ ही डीजीएम और एक निजी कंपनी के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पटना में एनएचएआई का जोनल ऑफिस है, जहां सदरे आलम बतौर सीजीएम और डीजीएम पदस्थापित हैं। जिस वक्त सीबीआई की टीम ने छापेमारी की, उस दरम्यान ये नासिक की एक कंपनी के लोगों से रिश्वत ले रहे थे। सीबीआई के इस कार्रवाई से एनएचएआई के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया है। सीबीआई से जुड़े सूत्रों के अनुसार एनउचआई के पटना में पोस्टेड सीजीएम और डीजीएम के बारे में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। टेंडर का बिल पास करने के नाम पर ये लोग अवैध उगाही कर रहे थे। इसी बीच नासिक की एक कंपनी ने उइक से शिकायत की। इन दोनों अधिकारियों के बारे में बताया कि वो बिल पास करने के नाम रिश्वत की मांग कर रहे हैं। इसके बाद ही पूरा जाल बिछाया गया। फिर आज कार्रवाई कर दी गई।



### बड़े पैमाने और कैश मिलने की है संभावना

रिश्वत लेते हुए सीजीएम को पकड़ने के बाद सीबीआई की टीम ने 8 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। जिन जगहों को खंगाला जा रहा है, वो सीजीएम और रिश्वत लेने के कांड में शामिल लोगों के ठिकाने हैं। सीजीएम के परिसर से लगभग 70 लाख रुपये और विभिन्न संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज मिले। वहीं डीजीएम के परिसर से 6 लाख रुपये नगद और लगभग 80 लाख रुपये के सोने के बिस्कुट और गहने बरामद किए गए। तलाशी के दौरान बरामद आपत्तिजनक दस्तावेजों की जांच की जा रही है। संभावना है कि अभी बड़े पैमाने पर कैश मिल सकता है और अवैध तरीके से अर्जित किए गए चल-अचल संपत्ति की डिटेल मिल सकती है। फिलहाल सीबीआई की कार्रवाई अभी भी जारी है। पीआरओ के अनुसार इसके बाद की डिटेल्स जांच पूरी होने के बाद ही दी जाएगी।

### शिक्षकों की कमी से जूझ रहे विद्यालयों में जल्द हो बहाली :मुख्यमंत्री

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों सभी विभागों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक कर डाली। जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार में कई कदम उठाए गए है। बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय की स्थापना की गई है। विद्यालय भवनों का भी निर्माण कराया गया है। सभी पंचायतों में उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्थापना की गई है। इससे अब छात्र-छात्राओं को अपने पंचायत में ही उच्च माध्यमिक शिक्षा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि छात्र-छात्राएं बेहतर ढंग से पढ़ाई करें छात्राओं के शैक्षणिक स्तर में सुधार होने से प्रजनन दर में और कमी आएगी। पहले से राज्य में प्रजनन दर घटा है। जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है वहां शिक्षकों की जल्द बहाली की जाए।

# राज्यपाल की तबीयत बिगड़ने पर एयर एम्बुलेंस से भेजा गया दिल्ली

- यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन बीमारी से जूझ रहे हैं राज्यपाल फागू चौहान

**केटी न्यूज । पटना**

सूबे के राज्यपाल फागू चौहान की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है। दो दिन पहले उनका इलाज पटना के आईजीआईएमएस में चला। लेकिन, दोपहर में हालत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ऐम्स रेफर कर दिया गया है। एयर एम्बुलेंस से उन्हें शुक्रवार को दिल्ली भेजा गया है। बताया जाता है कि करीब एक हफ्ते से वो बीमार हैं। दो दिनों से उनको काफी हाई फीवर है। गुरुवार को रात में उन्हें हल्की बेहोशी आई थी, जिसके बाद उन्हें क्क्ष्ह्रटर में लाया गया था। इससे पहले भी उनका इलाज आईजीआईएमएस में ही चल रहा था। जहां चिकित्सकों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही थी। आईजीआईएमएस के अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि मॉनिटरिंग के लिए डॉक्टरों की टीम लगाई गई है। गुरुवार को ही उन्हें यहां लाया गया है। प्राइवेट वार्ड में वो भर्ती हैं। जांच में पता चला कि उन्हें यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन है, इसी का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उनकी हालत में सुधार है। डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनकी कई तरह की हेल्थ जांच करवाई गई है, जिससे पता चला है कि उन्हें यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन है। 74 वर्षीय फागू चौहान 2019 से बिहार के राज्यपाल हैं। उनका जन्म 1948 में यूपी के आजमगढ़ में हुआ था। कहा जाता है कि यूपी के 17वें विधानसभा चुनाव में वह सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाले विधायक थे।

# बहोरनपुर में शौच करने गए किसान का फिसला पैर, पानी से भरे गड्ढे में डूबने से हो गई मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बहोरनपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय गांव में गुरुवार की देरशाम पानी में से भरे गड्ढे में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। मृतक की पहचान बहोरनपुर गांव निवासी सत्य नारायण के रूप में की गई है। जो पेशे से किसान थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जिसके बाद परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया गया। मृतक सत्य नारायण के भाई कामेश्वर राय ने बताया कि उनके भाई गुरुवार की शाम करीब सात बजे शौच करने बधार की ओर निकले थे। रास्ते में पानी से भरा हुआ गड्ढा था। लेकिन, अंधेरे के कारण वह देख नहीं पाए।



जैसे ही वह गड्?ढे के किनारे पहुंचे उनका पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गए। जहां पानी में दम घुटने से उनकी मौत हो गई। वहां गड्ढे में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। शौच कर वापस लौटने के दौरान उसका पैर फिसल गया। इससे वह पानी भरे गड्ढे में डूब गया और उनकी मौत हो गई। काफी देर बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटे, तो खोजबीन शुरू की गयी?। जहां बधार में स्थित गड्ढे में उनका शव दिखाई दिया। जिसके बाद इसकी सूचना परिजनों को दी गई। मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। इधर, ग्रामीण भी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद परिवार में पत्नी शिवकुमारी देवी, पुत्री विभा देवी व शोभा देवी हैं। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# टी- थ्री कैंप में दर्जनों लोगों की हुई स्वास्थ्य की जांच

- कार्यपालक निदेशक व अपर कार्यपालक निदेशक ने किया शिविर का उद्घाटन
- हीमोग्लोबिन व ब्लड प्रेशर समेत अन्य बीमारियों की हुई जांच

केटी न्यूज / पटना



बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के प्रांगण में शुक्रवार को हर घर पोषण त्योहार व अनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत टी-थ्री स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन फीता काटकर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह व अपर कार्यपालक निदेशक केशवेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप किया गया। शिविर में सबसे पहले कार्यपालक निदेशक व अपर कार्यपालक निदेशक ने स्वास्थ्य जांच कराई। वहीं, राज्य स्वास्थ्य समिति के दर्जनों स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों ने भी स्वास्थ्य की जांच कराई।

**पोषण माह के दौरान चलाया जा रहा है कार्यक्रम :** शिविर में कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि पोषण माह के दौरान जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर को टी-थ्री नाम दिया है. जिसमें टेस्ट, ट्रीट एवं टॉक पर जोर दिया गया. शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ग्लूकोज, लंबाई और वजन की जांच की गई। वहीं शिविर में मौजूद चिकित्सकों व आहार विशेषज्ञ के द्वारा जांच के बाद सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व स्वस्थ रहने के लिए उचित परामर्श दिया गया। इसके अलावा वर्तमान समय में लोगों को जंक फूड खाने से बचने की भी सलाह दी गई। इन बीमारियों को दूर रखने के लिए सभी को अंकुरित अनाज,स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हरी पत्तेदार सब्जियां, विटामिन सी युक्त भोजन लेने की बात बताई गयी। साथ ही सुबह में टहलने तथा हल्के व्यायाम करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

वहीं अपर कार्यपालक निदेशक केशवेंद्र कुमार ने बताया कि शिविर में शामिल होने वाले लोगों की हीमोग्लोबिन जाँच भी गयी. इससे लोगों में खून की कमी यानी अनीमिया का पता लगाया गया. अनीमिया एक गंभीर समस्या है। जो बच्चों, किशोरों व गर्भवती महिलाएं एवं प्रजनन आयुवर्ग के लोगों को शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को अधिक प्रभावित कर सकता है। इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या से उबरने के लिए बिहार में अनीमिया मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में ऐसे शिविरों का आयोजन सहायक साबित होगा।

**बेहतर जीवन शैली रोगों से बचाव में कारगर:** अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ श्रीनिवास ने बताया कि सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। इसी के उपलक्ष्य में टी-थ्री शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई। उन्होंने कहा कि जीवन शैली में सुधार कर कई रोगों से बचा जा सकता है. साथ ही एनीमिया से बचाव हेतु आयरन युक्त आहार के सेवन पर बल देना चाहिए।

## शहर छोटी खबरें

### चादरपोशी कर भाईचारगी और सलामती की मांगी दुआ

**जहानाबाद।** काको प्रखंड स्थित अमथुआ शरीफ में हजरत सय्यद शाह हयात के दरगाह पर सालाना उर्स मनाया गया। जहां जायरीनों ने चादरपोशी की इस अवसर पर खानकाह हयातिया से सज्जादानशी सय्यद शाह इरफान अहमद ,खानकाह के नाजिम सह मुखिया मेराज अहमद सुड्डू के साथ बड़ी संख्या लोग चादर लेकर दरगाह पहुंचे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक सतीश दास, सदर विधायक सुदय यादव, जिला प्रशासन की ओर से डीडीसी परितोष कुमार, एसडीएम मनोज कुमार, एसडीपीओ अशोक कुमार पांडेय, एग्जकीयुटिव इंजीनियर जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव नयन, सीओ दिनेश कुमार, जिला पार्षद सुधीर चौधरी आदि ने चादरपोशी की रस्म अदा की और देश राज्य की तरक्की भाईचारगी और सलामती की दुआ मांगी ' बता दें के काको प्रखंड के अमथुआ शरीफ में सालाना उर्स पर प्रत्येक वर्ष सैकड़ों की संख्या में दूर दूर से जायरीन पहुंचते हैं और प्रसिद्ध सूफी संत की दरगाह पर ज्यारत करते हैं। दरगाह परिसर में मेले सा माहौल बन जाता है। चादरपोशी के उपरांत खानकाह परिसर में मशहूर कव्वाल हाजी ग्यासऊद्दीन ने अपने सूफी गीतों से समां बांध दिया देर रात तक लोग सूफीमय शाम के आनंद में डूबे रहे चादरपोशी के मौके पर एसएम फारुक, सय्यद सुल्तान अहमद अनवारुल हक, मिनहाजुल हक मुजम्मिल इमाम, फहदुल हक विनय कुमार विद्यार्थी, आफताब आलम सहित कई स्थानीय नेताओं ने भी ज्यारत कर दुआ मांगी।

### सोन नहर किनारे गड्ढे में बुजुर्ग का शव

**अरवल ।** जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के उमैराबाद सोन नहर किनारे गड्ढे में एक 60 वर्षीय व्यक्ति की शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना आसपास के ग्रामीणों ने सदर थाने की पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को गड्ढे से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान नालंदा जिले के एकंगर सराय थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी 60 वर्षीय अर्जुन पासवान पिता स्व. रोहन पासवान के रूप में की गई है मृतक 10 दिन पहले अपने ससुराल बेला बिगहा आया हुआ था। बैदराबाद में मृतक की बहन व्याही हुई थी। ससुराल और बहन का गांव नजदीक होने की वजह से मृतक हमेशा दोनों जगह आना जाना किया करता था।

# गर्भवती महिलाएं एनीमिया से रहें सावधान, नियमित रूप से कराएं जांच : सीएचओ

- सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर हर माह की 9वीं तारीख को होती है एएनसी जांच
- एनीमिया से बचने के लिए गर्भवतियों को दिए जाते हैं पौष्टिक आहार के टिप्स

**केबी न्यूज/बक्सर**

जिले में पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भले ही पोषण माह चलाया जा रहा है। लेकिन, जब तक लोग पोषण के सही मायनों को नहीं समझेंगे, यह अभियान पूरी तरह से सफल नहीं होगा। आज के दौर में एनीमिया पोषण की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है, जिसके कारण बच्चे, किशोरियां और गर्भवती महिलाएं खून की कमी का शिकार हो रही हैं। यह बात सदर प्रखंड के पांडेयपट्टी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ श्वेता सिंह ने कही।

वह शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच की सलाह दे रही थीं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि एनीमिया की बीमारी शरीर में खून या हीमोग्लोबिन की कमी की वजह से होती है। इससे शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती और व्यक्ति कमजोर होने लगता है। यह बीमारी काफी आम हो चुकी है। महिलाओं को इसका सबसे ज्यादा सामना करना पड़ता है।



एनीमिया की समस्या अस्थायी भी हो सकती और यह लंबे समय तक भी चल सकती है। हालांकि, एनीमिया (खून की कमी) से बचाव किया जा सकता है। खान-पान पर ध्यान देकर, इस बीमारी से बचा जा सकता है।

**एनीमिया में नया खून बनना हो जाता है बाधित :** उन्होंने कहा कि हमारे खून में रेड ब्लड सेल्स होती हैं, जिसे आरबीसी कहा जाता है। यह सेल्स शरीर में मौजूद सभी टिश्यू (ऊतकों) तक ऑक्सीजन ले जाने का काम करती है। जब शरीर में आरबीसी की मात्रा कम होने लगती है तो शरीर में ऑक्सीजन भी घटने लगती है और नया खून बनना बाधित हो जाता है। इसी समस्या को खून की कमी या एनीमिया कहा जाता है। खान-पान और जीवनशैली में बदलाव लाकर इस बीमारी से आसानी से हम अपना बचाव कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चक्कर आना, हाथ व पैर में ठंड लगना, त्वचा का पीला पड़ना, छाती में दर्द होना, सांस लेने में परेशानी होना और दिल की धड़कन का ठीक से काम नहीं करना, थकान, कमजोरी इत्यादि एनीमिया के लक्षण हैं। अगर ऐसा महसूस हो तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें और उनके परामर्श के अनुसार दिनचर्या बनाएं ।

**गर्भवतियों के लिए नियमित एएनसी जांच जरूरी :** सीएचओ श्वेता सिंह ने बताया, वैसे तो एनीमिया किसी को भी प्रभावित कर सकता है। लेकिन, गर्भवतियों के लिए यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि एनीमिया न केवल गर्भवती महिलाओं को बल्कि उनके गर्भस्थ शिशु को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। यदि कोई गर्भवती महिला एनीमिया से प्रभावित हो जाती है, तो खून की कमी के कारण बच्चों का शरीरिक और मानसिक विकास ठीक से नहीं हो पाता है। जिसके कारण प्रसव के बाद बच्चे कमजोर व बीमार होते हैं। ऐसी स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए गर्भवती महिलाओं को चाहिए कि वो नियमित रूप से अपना प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कराएं। ताकि, एनीमिया की शिकायत की स्थिति में उसे दूर करने के उपाय किए जा सकें।

**आयरनयुक्त आहार लेना जरूरी:** वहीं, पांडेयपट्टी की आशा नीतू देवी ने बताया कि एनीमिया से बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं का नियमित फॉलोअप किया जाता है। साथ ही, एएनसी जांच के लिए उनको हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी लाया जाता है। यदि किसी में एनीमिया के लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें इससे बचाव के लिए विस्तृत जानकारी दी जाती है। गर्भवती महिलाओं को आयरन युक्त आहार लेने की सलाह दी जाती है। उन्हें बताया जाता है कि खाना में पालक, सोयाबीन, चुकंदर, अनार व हरी सब्जियों को शामिल करें। इसके अलावा दूध, घी, मांस, मछली भी काफी असरदार है। फल में अनार का सेवन बहुत फायदेमंद रहता है।

# तस्करी का काला खेल... आलू की बोरी के बीच छिपाकर रखी गई 35 पेटी शराब जब्त

- वाहन चेकिंग अभियान के दौरान खुली पोल, चालक सह तस्कर भागने में सफल
- नावानगर पुलिस ने 10 किमी तक पीछा कर जब्त की शराब लदी पिकअप, वाहन का नंबर भी निकला फर्जी




**केटी न्यूज। बक्सर / नावानगर**

नावानगर पुलिस ने एक पिकअप पर आलू की बोरियों की बीच छिपाकर ले जाए जा रहे शराब की खेप को बरामद किया है। पुलिस ने पिकअप को भी जब्त कर लिया है। हालांकि पिकअप का चालक सह तस्कर भागने में सफल रहा है। पिकअप में मिले उसके मोबाईल के आधार पर पुलिस उसके पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस को यह सफलता दस किलोमीटर तक पीछा करने के बाद मिली है। जानकारी के अनुसार नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय थाना क्षेत्र के सिकरौल मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप तेज रफ्तार में वहा से गुजरी। पुलिस ने जब रूकने का इशारा किया तो चालक ने अपनी स्पीड और बढ़ा दी। जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया। वहा से भागने के बाद पिकअप चालक केसठ होते हुए केसठ सोनवर्षा मार्ग में पहुंच गया था। लेकिन पुलिस ने पीछा नहीं छोड़ा था। जिससे घबराकर पिकअप चालक ने धेनुआडीह गांव के पास पिकअप को छोड़ फरार हो गया। पीछा करती पुलिस जब वहा पहुंची तथा पिकअप की तलाशी ली तो उसमें आलू की बोरियों के बीच छिपाकर रखा गया 8 पीएम ब्रांड 180 एमएल की 35 पेटी शराब मिली। जिसे देख पुलिस भी भौचक्क हो गई। इसके बाद पुलिस उक्त पिकअप को जब्त कर थाने लाई। पिकअप में ही तस्कर का मोबाइल भी छूट गया था। जबकि पिकअप के अंदर एक दूसरा नंबर प्लेट भी मिला, जो फर्जी है।

## सोनवर्षा में शराब के साथ धंधेबाज को पकड़ाया

दूसरी तरफ सोनवर्षा ओपी पुलिस ने भी थाना क्षेत्र के डिहरा पुल के पास से शराब के एक धंधेबाज को 76 पीस अंग्रेजी व देशी मसालेदार शराब की खेप के साथ पकड़ा है। पुलिस ने उसकी पैशन प्रो बाइक भी जब्त कर ली है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार धंधेबाज डिहरा गांव का रमेश सिंह है। वह अपनी बाइक के पीछे बैग में शराब भरकर ले जा रहा था। लेकिन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया। सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि की है। उसके पास से 8 पीएम ब्रांड 180 एमएल के 40 तथा 888 तीव्र देशी मसालेदार ब्रांड की 36 शीशी शराब मिली है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

## बक्सर में 288 पीस शराब लदी बाइक जब्त

औद्योगिक थाने की पुलिस ने मझरिया सिमरी पथ स्थित नाट गांव के पास से 288 पीस शराब की बोतलों के साथ ही एक बाइक को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस उस जगह पर दिवा गश्ती अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को देख एक युवक अपनी बाइक छोड़ भाग खड़ा हुआ। तलाशी के दौरान बाइक पर बंधे बैग से 288 पीस शराब की बोतलें और एक मोबाइल फोन मिला है। पुलिस बाइक के नंबर व मोबाइल के आधार पर धंधेबाज के पहचान का प्रयास कर रही है। औद्योगिक थानाध्यक्ष ने इसकी पुष्टि की है। **वहीं** उत्पाद विभाग की टीम ने शहर के हनुमान फाटक के पास से 48 बोतल शराब के साथ एक कारोबारी रामजी गुप्ता को पकड़ जेल भेजा है। वहीं बस स्टैंड के पास से तुरहा टोली के विक्की कुमार नामक युवक को एक बोतल शराब के साथ पकड़ा गया है। उत्पाद अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है।

## फोटो ऑफ द डे



लापरवाही :जान जोखिम में डाल एक बाईक पर 5 लोगों को बैठा ले जाता चालक

## हथियार के साथ अंतरजिला ट्रैक्टर चोर गिरोह का वांटेड सदस्य गिरफ्तार

- चांदी थाने की पुलिस ने वांटेड अपराधी को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज / आरा**

भोजपुर जिले की चांदी थाने की पुलिस ने बीती रात अंतरजिला ट्रैक्टर चोर गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी सुधीर पासवान बताया जा रहा है। जो चांदी थाना अंतर्गत इलाके में ट्रैक्टर चोरी के मामले में भी वांटेड था। उसे गुरुवार की रात जमीरा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और पांच गोलियां बरामद की। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में उसे गिरफ्तार किया गया है। एसपी संजय कुमार सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि कुछ रोज पहले चांदी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चोरी की घटना हुई थी। उसमें सुधीर पासवान सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। उनमें अन्य आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुख्य आरोपित सुधीर पासवान ही फरार चल रहा था। गुरुवार की रात सूचना मिली कि वह आरा-चांदी रोड पर जमीरा पुल के पास देखा गया है। जिसके आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और पांच गोलियां बरामद की गई।? प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधीर पासवान जहानाबाद में भी ट्रैक्टर चोरी में जेल जा चुका है। मामले में वह आठ माह बाद जहानाबाद जेल में कैद था। वह हाल ही में वह जमानत पर आया था। उसके बाद चांदी थाना क्षेत्र में भी ट्रैक्टर की चोरी कर ली।

## एक नजर

### आरा व कारीसाथ स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आने से दुकानदार की मौत, मचा कोहराम

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा व कारीसाथ स्टेशन के बीच शुक्रवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक किराना दुकानदार की मौत हो गई। वह सुबह ही किसी काम से घर से निकले थे। तभी किसी ट्रेन की चपेट में आ गये। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि ट्रैक पार करने या ट्रेन से गिरने से मौत हुई है। घटना को लेकर लोगों में देर तक अफरातफरी मची रही। मृत दुकानदार गड़हनी थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव निवासी शत्रुधन प्रसाद सिंह के 40 वर्षीय पुत्र संजय कुमार सिंह थे। फिलहाल वह शहर के महाराणा प्रताप नगर में रहते थे। सूचना मिलने पर रेल पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन प्रो. बलराम सिंह ने बताया कि वह सुबह करीब आठ बजे अपने घर से निकले थे। उसी दौरान यह हादसा हो गया। सूचना मिलने पर वह घटनास्थल पर पहुंचे, तो शव ट्रैक पर पड़ा था। उन्होंने बताया कि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उनकी मौत रेलवे लाइन पार करने या ट्रेन से गिरने से हुई है। इधर, पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार किसी चलती ट्रेन की चपेट में आने के कारण मौत हुई है। बताया जाता है कि दुकानदार चार बहनों सबसे बड़े थे और इकलौता भाई थे। उनके परिवार में मां कलावती देवी, पत्नी पिंकी देवी, पुत्र यश और पुत्री एंजल है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

### अरवल के उमेराबाद गांव के पास अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी, नहीं हो सकी पहचान

**अरवल।** जिले के सदर थाना अंतर्गत उमेराबाद गांव के पास नहर रोड के किनारे शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस आननफानन में मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। शव के कारण उक्त इलाके में दुर्गंध फैल गई थी। जिसके बाद ही शव के होने की जानकारी मिली थी। वहीं, मृतक की शिनाख्त के पुलिस ने उसकी तस्वीर आसपास के थानों और सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया, जिससे उसकी पहचान हो सके। हालांकि, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ताकि, मौत के कारणों की जानकारी हो सके। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच है।

### दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को 5 साल का सश्रम कारावास, दो हजार रुपये का आर्थदंड

**जहानाबाद।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय स्थित एडीजे प्रथम सतीश कुमार देव की अदालत ने शुक्रवार को दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी शंभू प्रसाद के सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरा करने के उपरांत न्यायालय ने आरोपी को 5 साल सश्रम कारावास भुगतने का फैसला सुनाया। इतना ही नहीं न्यायालय ने आरोपी को 2000 रुपये अर्थदंड भुगतान करने का भी निर्देश दिया। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उपरोक्त आशय की जानकारी अपर लोक अभियोजक विजय कुमार मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीड़िता के पिता ने जहानाबाद नगर थाने में शंभू प्रसाद को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया था की उसकी 8 साल की नाबालिग लड़की 2 अक्टूबर 2007 को सुबह दस बजे शौच करने नदी की ओर गई थी। जो ग्यारह बजे तक लौटकर वापस नहीं आई। उसी वक्त मेरा भतीजा ने फोन किया कि जल्द से जल्द आईए। सूचना पर जब मैं घटना स्थल पर पहुंचा तो देखा कि एक घर के पास भीड़ लगी हुई है। लोग घर का दरवाजा खुलवा रहे हैं, लेकिन कोई दरवाजा नहीं खोल रहा था। इतने में पुलिस पहुंच गई तब जाकर शंभू प्रसाद ने दरवाजा खोला। उसी बंद कमरे से मेरी नाबालिग लड़की निकली। पूछने पर बताई कि शंभू प्रसाद मुझे दो रुपये दिए और कमरे में ले जाकर मुझे चौकी पर लिटा दिया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इतने में बाहर से दरवाजा खटखटाया जाने लगा। तब वह मुझे छोड़ कर भागने का प्रयास करने लगा।

# मामूली विवाद में युवक को मारा चाकू गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती

- जख्मी युवक ने किसी भी पुरानी अदावत से किया इन्कार

**केटी न्यूज / आरा**

जिले के गड़हनी थाना अंतर्गत अगिआंव बाजार पर गुरुवार की रात मामूली विवाद में बदमाशों ने एक दुकानदार को चाकू से गोद कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घटना तब की है, जब दुकानदार रात में अपना दुकान बंद कर घर लौट रहा था। बदमाशों ने दुकानदार पर काफी नजदीक से कई बार चाकू से वार किया। जिसके कारण वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों को सूचना मिलने के बाद उन्होंने मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दुकानदार का प्राथमिक इलाज किया गया। लेकिन, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर करना पड़ा। इधर, मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल आ पहुंची। जहां उसने पीड़ित दुकानदार के परिजनों से मामले की पूरी जानकारी ली। घटना के संबंध में जख्मी दुकानदार के परिजनों ने बताया कि जख्मी दुकानदार गड़हनी थाना अंतर्गत अगिआंव निवासी सुनील कुमार शर्मा बेटा विक्की कुमार है। जो अगिआंव बजार में इलेक्ट्रिक दुकान चलाता है। घटना की रात विक्की अगिआंव बाजार से अपना दुकान बंद कर वापस घर लौट रहा था। तभी गांव के ही चार युवक वहां आ धमके। लेकिन, उसने उनपर ध्यान नहीं दिया और अपना दुकान बढ़ाकर घर जाने लगा। लेकिन, चारों बदमाश उसे पीछे से गाली-गलौज करने लगे। जिनकी अभद्रता पर विक्की ने उनका विरोध किया। जिसके बाद चारों उससे नोकझोंक करने लगे। इस बीच चारों ने विक्की पर बारी-बारी से चाकू से वार किया। विक्की के परिजनों ने पुलिस को बताया कि विक्की का उनसे किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। लेकिन, अब पुलिस मामले में यह स्पष्ट नहीं कर पा रही है कि बदमाशों ने युवक को चाकू क्यों मारी। हालांकि, पुलिस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## डीएम के पास पहुंचा छात्राओं से बदसलूकी का मामला

**अरवल ।** बालिका विद्यालय के छात्राओं के साथ शिक्षकों की बदसलूकी का मामला सामने आया है। इंटर स्तरीय बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने शिक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि विद्यालय के शिक्षक छात्राओं के साथ बदसलूकी करते हैं और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। विद्यालय में छात्राओं को पानी पीने नहीं दिया जा रहा है। लगातार उन्हें धमकाया जा रहा है। मामले को लेकर छात्राओं ने डीएम कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से पूरे मामले की शिकायत की। दरअसल एक दिन पूर्व विद्यालय के छात्राओं द्वारा मनमानी शुल्क वसूले जाने का शिकायत जिला पदाधिकारी से की थी। जिसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने शिकायत करने वाले छात्राओं के साथ बदसलूकी की और उन्हें विद्यालय में प्रवेश करने से वर्जित कर दिया।


# 29 सितंबर को मनेगा विश्व ह्रदय दिवस

## उच्च रक्तचाप और मधुमेह रोग से ग्रसित लोगों की होगी निःशुल्क स्क्रीनिंग

- ह्रदयाघात से बचाव के लिए 29 सितंबर से चलेगा चिकित्सा परामर्श पखवाड़ा
- कार्डियोवास्कुल हेल्थ फॉर एवरीवन है इस वर्ष की थीम

**केटी न्यूज/भभुआ**

वर्तमान समय में हर उम्र के लोग, चाहे वह बड़े बुजुर्ग हों या कम उम्र के बच्चे व नौजवान, ह्रदय रोग से ग्रसित हो रहे हैं। लोगों को ह्रदय रोग संबंधी समस्याओं से बचने और ह्रदय रोग के प्रति लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से



हर साल पूरे विश्व में 29 सितंबर को विश्व ह्रदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष कैम्प का आयोजन कर लोगों को गैर संचारी रोगों विशेष रूप से ह्रदय सम्बंधित रोगों से बचाव की जानकारी देने के साथ ही लोगों की जांच भी की जाती है. इस वर्ष भी 29 सितंबर को पूरे जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व ह्रदय दिवस का आयोजन किया जायेगा। कार्डियोवास्कुल हेल्थ फॉर एवरीवन को इस वर्ष की थीम के रूप में चुना गया है।

**कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने जारी किया पत्र:** कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं. जारी पत्र में बताया गया है कि 29 सितंबर, 2022 को विश्व ह्रदय दिवस के रूप में आयोजित किया जाना है। यह आयोजन जिला से लेकर सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आयोजित किया जाना है। जारी पत्र में निर्देशित है कि जिले में 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक निःशुल्क जांच सह चिकित्सा परामर्श पखवाड़ा मनाया जाएगा। पत्र में बताया गया है कि कार्यक्रम के क्रियान्वयन के उपरांत फोटोग्राफ सहित इसका संबंधित प्रतिवेदन राज्य एनपीसीडीसीएस कोषांग को npcdcsbiharoffice1@gmail.com पर उपलब्ध कराया जाये।

किया जाएगा प्रचार प्रसारः

जारी पत्र में बताया गया है कि जिले में निःशुल्क जांच सह चिकित्सा परामर्श पखवाड़ा की आम जन में जानकारी के लिए प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानों में रंगीन फ्लैक्स लगाए जाएगें, वहीं माइकिंग के साथ हैंडबिल तथा पोस्टर का वितरण भी कराया जाएगा।

## शहर छोटी खबरें

### जदयू किसान सह सहकारिता प्रकोष्ठ का होगा विस्तार

**बक्सर।** सदस्यता अभियान को लेकर जदयू किसान सह सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सिद्धेश्वर चौधरी व संचालन डॉ. शशांक कुमार ने की। मौके पर प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया। जिला सह प्रभारी ई. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान में टारगेट से अधिक सदस्य बनाया जाएगा। इसके लिए 27 से 29 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रभारी जग्गा कुशवाहा ने कहा कि कैंप का आयोजन कर नये-नये लोगों को सदस्य बनाकर पार्टी से जोड़े। बैठक में अजय सिंह, नीरज पटेल, मनोज सिंह, बनीया बाबा, कृष्ण बिहारी राय, रिंकू लाल, अमरजीत पासवान, जिला उपाध्यक्ष मोहन गोंड, त्रिलोकी पांडेय, जयेश चौधरी, सुनील सिंह, चंद्रशेखर चौधरी, दीनानाथ ठाकुर, धनंजय कुशवाहा, सूर्य कुमार राय, जितेंद्र सिंह, विरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### प्रेमिका को लेकर भागने वाला जेवर लेकर हुआ फरार

**बक्सर।** प्रेमिका को लेकर भागने वाला युवक अब उसके गहने लेकर फरार हो गया है। घटना के बाद पीड़िता ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। यह सून परिजन आरा पहुंचे और युवती को बक्सर लेकर लौटे और महिला थाना पहुंच शिकायत दर्ज कराई। महिला थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसडीपीओ गोरख राम ने बताया कि नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कुरैशी नामक युवक गांव के ही एक युवती से प्रेम करता था। दोनों के बीच काफी दिनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 7 सितम्बर को प्रेमी-प्रेमिका घर से लापता हो गए। बताया जाता है कि युवती घर से पैसा और गहना भी लेकर चली गई थी। परिजन दोनों की खोजबीन कर रहे थे। इसी बीच युवक युवती को आरा में छोड़ कर भाग निकला। युवती किसी तरह से अपने घर पहुंच घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। महिला थानाध्यक्ष कंचन कुमारी घटना की जांच कर रही है।

# दिव्यांग विक्षिप्त गर्भवती की मदद को आगे आए समाजसेवी, महिला ने स्वस्थ्य बच्चे को जन्म

- गर्भवती महिला को छोड़ भागा उसका पति, डेढ़ माह तक लोगों की मदद से सदर अस्पताल में चला इलाज
- विश्वामित्र हॉस्पिटल में महिला का चल रहा है नि:शुल्क इलाज, उठाया सारा खर्च
- खरवनिया निवासी सह समाजसेवी मिथिलेश पांडेय ने की महिला की आर्थिक मदद



विश्वामित्र हॉस्पिटल में इलाजरत महीला व बच्चा

**अरविन्द कु. चौबे/ बक्सर**

'जाको राखे साइयां मार सके न कोई'... यह बात बीते दिन जिला मुख्यालय के गोलंबर के समीप स्थित विश्वामित्र हॉस्पिटल में देखने को मिल गया। जहां दोनों पैरों से दिव्यांग एक विक्षित महिला ने स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया है। महिला ने बच्चे को ऐसी स्थिति में जन्म दिया है, जब विक्षिप्त और दिव्यांग होने के कारण उसके पति ने उसे छोड़ दिया था। इस विकट परिस्थिति में जिले के कुछ समाजसेवियों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन, जब उसकी हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। लेकिन, अर्थ के अभाव में उसे बाहर नहीं ले जाया जा सका। मामले की जानकारी होने के बाद विश्वामित्र हॉस्पिटल के संचालक डॉ. राजीव झा ने महिला का इलाज और प्रसव कराने की जिम्मेदारी ली। जिसके बाद महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। वहीं, अब महिला की मदद के लिए लोग आगे आने लगे हैं।

**स्टेशन पर मिली महिला :** मामले में बताया जाता है कि करीब डेढ़ माह पहले स्टेशन पर दोनों पैरों से दिव्यांग विक्षित महिला बैठी हुई थी। जो लगभग सात माह की गर्भवती भी थी। दिव्यांग हमिला स्टेशन पर हर आने जाने वाले लोगों से मदद की गुहार लगा रही थी। लेकिन, उसकी मदद को कोई भी आगे नहीं आया। इस बीच यथा संभव सेवा संस्थान के सदस्यों को महिला के संबंध में जानकारी मिली, तो वो उसकी मदद करने के लिए स्टेशन पहुंचे। जहां महिला ने बताया कि उसका नाम रेश्मा देवी है, वो लखनऊ की रहने वाली है। उसका पति उसे छोड़कर उसकी बहन के साथ फरार हो गया है। हालांकि, महिला की मानसिक स्थिति पर गौर करने के बाद उन्होंने सबसे पहले उसका इलाज कराने की ठानी। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगभग डेढ़ माह तक चंदा व अन्य लोगों के सहयोग से उसके इलाज और खानापन की व्यवस्था की जाती रही। लेकिन, इस बीच महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। जिसे देख सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया।

**युवाओं ने डॉक्टर राजीव झा से किया संपर्क :** रेफर किए जाने के बाद अब यथा संभव सेवा संस्थान के समक्ष सबसे पहली समस्या पैसों की थी। क्योंकि, अब तक वो चंदा कर करे महिला का ख्याल रख रहे थे। लेकिन, ऑपरेशन और बड़े हॉस्पिटल का खर्च के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती। इधर, महिला की स्थिति बिगड़ता देख, उन्होंने विश्वामित्र हॉस्पिटल के डॉ. राजीव झा से संपर्क किया और पूरे मामले की जानकारी दी। डॉ. राजीव झा ने युवाओं को तत्काल उनके अस्पताल लाने को कहा। जिसके बाद उन्होंने विक्षित गर्भवती महिला की जांच की और अपने अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां बीते दिन महिला ने एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया है। डॉ. राजीव झा ने बताया कि महिला का इलाज और दवाओं का सारा खर्च अस्पताल ने उठाया है। साथ ही, घटना की जानकारी मिलने के बाद खरवनिया निवासी मिथिलेश पांडेय भी आगे आए और उन्होंने महिला को आर्थिक मदद दी। साथ ही, उन्होंने डॉ. राजीव झा को उनके निःशुल्क इलाज और मेडिकेशन के लिए अस्पताल प्रबंधन की काफी सराहना की।

# डुमरांव स्टेशन पर बढ़ेगी यात्रीयों की सुविधा डीआरएम ने निरीक्षण कर दिए आश्वासन

## डीआरएम के कड़े तेवर से रेल कर्मियों में मचा हड़कंप

- टिकट काउंटर के अंदर व बाहर गंदगी देख विफरे डीआरएम

**केटी न्यूज/डुमरांव ( बक्सर )**



डुमरांव रेलवे स्टेषन के फुट ओवर ब्रिज पर यात्री शेड लगाया जाएगा। इसके अलावे प्लेटफार्म पर साफ सफाई, शौचालय, यूरिनल तथा पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। शुक्रवार को दानापुर मंडल के डीआरएम प्रभात कुमार ने डुमरांव स्टेषन के निरीक्षण के दौरान यें बातें कही। इसके पहले डीआरएम ने सीनियर डीसीएम सरस्वती चंद्रा, एईएम स्मिता कुमारी तथा आरपीएफ के कमांडेंट सैयद निहाल हसन के साथ मिल प्लेटफार्म, टिकट काउंटर, रेलवे ट्रैक आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बुकिंग काउंटर के अंदर व बाहर गंदगी का अंबार देख डीआरएम विफर उठे। उन्होंने कहा कि इसी जगह से रेलवे को राजस्व की प्राप्ति होती है। इस जगह की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डीआरएम के इस तेवर के बाद रेल कर्मियों में हड़कंप मच गया था। बता दें कि टिकट काउंटर के अंदर व बाहर हर समय गंदगी पसरी रहती है। जबकि रेल यात्री इसी जगह से टिकट खरीद अपनी यात्रा की शुरूआत करते है। डीआरएम ने टिकट काउंटर, प्लेटफार्म तथा पूरे स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने का निर्देष दिया। डीआरएम के फटकार के बाद आनन फानन में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर लिया गया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने बुकिंग काउंटर के बाहर बेकार अवस्था में पड़े नम्मा शौचालय को हटा उसके जगह चार सीटो वाले शौचालय बनाने का निर्देष दिया।

**ट्रेनों के ठहराव का भी दिया आश्वासन:** डीआरएम ने निरीक्षण के दौरान रेल यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह की मांग पर रघुनाथपुर पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बक्सर तक बढ़ाने, डुमरांव स्टेषन पर जन शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव करने का आष्वासन भी दिया। डीआरएम के इस आश्वासन के बाद रेल यात्रियों में खुषी देखी गई। हालांकि उन्होंने प्लेटफार्म की उंचाई बढ़ाने के रेल यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष की मांग को अस्वीकार करते हुए कहा कि प्लेटफार्म मानक उंचाई पर है। इससे अधिक उंचाई को नहीं बढ़ाया जा सकता है। गौरतलब है कि आए दिन ट्रेन से उतरने के दौरान यात्री गिर जाते है। जिसके बाद लोग प्लेटफार्म की उंचाई पर सवाल उठाते है। लेकिन डीआरएम ने इसे खारिज करते हुए कहा कि प्लेटफार्म मानक उंचाई पर है।

**डुमरांव के पौराणिक स्थलों का फोटो व रूट चार्ट से सुशोभित होगा स्टेशन:** डीआरएम प्रभात ने अपने मातहतों से डुमरांव के पौराणिक व ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी मांगने के साथ ही उनकी तस्वीरें तथा रूट चार्ट स्टेषन परिसर में लगाने का निर्देश दिया है। ताकी पर्यटक आसानी से पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के बारे में जान सके। इसके अलावे उन्होंन सुरक्षा के लिहाज से रेलवे लाईन के दोनों तरफ बैरेकेटिंग करने का निर्देश भी दिया है।

**24 घंटा खुला रहेगा वेटिंग हाल:** प्लेटफार्म पर बनाए गए वेटिंग हॉल को डीआरएम ने 24 घंटे खुला रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक प्लेटफार्म पर शौचालय की व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो जाती है तबतक रेल यात्री वेटिंग हॉल के शौचालय का उपयोग कर सकते है।

## एक नजर

### रैबिज दिवस पर कुत्ते सहित रैबिज फैलाने वाले जानवरों को लगाया जाएगा एंटी रैबिज वैक्सिन



**बक्सर।** 28 सितंबर को विश्व रैबिज दिवस मनाया जाता है। बाकरार सेंडिगेट के पास स्थित जंपी पेट शॉप पर इस मौके पर एक शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें रैबिज फैलाने वाले पालतू तथा आवारा कुत्तों, बिल्ली, बंदर, खरगोष आदि जानवरों को एंटी रैबिज वैक्सिन लगाया जाएगा। इस वैक्सिन के लगने के बाद अब वे पशु रैबिज नहीं फैला सकते है। वैक्सिनेशन बक्सर व पटना के पशु चिकित्सकों की देखरेख में होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए जंपी पेट शॉप के संचालक आशीष कुमार ने बताया कि रैबिज एक खतरनाक बीमारी है। उन्होंने कहा कि रैबिज के कारण लोगों की मौत हो जाती है। यह एक तरह का लाइलाज बीमारी है। लेकिन रैबिज फैलाने वाले जानवरों को एंटी रैबिज वैक्सिन लगा हम इसे रोक सकते है। उन्होंने कहा कि रैबिज सबसे अधिक कुत्तों और बंदरों के कारण फैलता है। क्योंकि ये ही दो ऐसे जानवर है जो हमेषा इंसानों के आस पास रहते है तथा अक्सर ये लोगों को काटते या नोचते है। जिस कारण उनमें भविष्य में रैबिज फैलने का खतरा बना रहता है। आशीष ने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए रैबिज फैलाने वाले जानवरों को एंटी रैबिज वैक्सिन लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी की जा रही है। उन्होंने लोगों से इस अभियान में शामिल हो इसे सफल बनाने की अपील की है।

### बिजली चोरी के मामले में एक पर केस दर्ज

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के बड़कागांव सबलपट्टी में गुरुवार को बिजली कंपनी ने विद्युत चोरी की रोकथाम को लेकर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान गांव निवासी राजू मिश्र पिता स्व. राम सुशील मिश्र को टीम के द्वारा रंगे हाथों अवैध रूप से विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में कनीय अभियंता रौनक राज द्वारा बताया गया कि विद्युत चोरी से कंपनी को 29340 रुपये का नुकसान हुआ है। जिसके संबंध में स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापेमारी दल मे सहायक विद्युत अभियंता अर्जुन वर्मा, कनीय अभियंता मनजीत कुमार, कनीय अभियंता चंदन कुमार, मानव बल धर्मेंद्र मालाकार, मानव बल विजय कुमार, मानव बल ओमप्रकाश के अलावे अन्य विद्युत कर्मी मौके पर मौजूद रहे। सिमरी थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बिजली अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बारह वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास आरोपी फरार

**डुमरांव (बक्सर)।** डुमरांव थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना घटी है। 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने गांव के ही 12 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया है। किशोरी द्वारा मचाए गए शोरगुल को सुन ग्रामीणों के जुटने पर उसकी आबरू बच सकी। लेकिन, आरोपी अंधेरे का फायदा उठा फरार हो गया। किशोरी के परिजनों द्वारा आरोपी निगम चौबे के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस रात से ही उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात करीब आठ बजे अपने घर से कुछ सामान खरीदने निकली थी। इसी दौरान आरोपी उसे जबरदस्ती पकड़ अपने घर में ले गया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। लेकिन किशोरी द्वारा मचाए शोर गुल को सुन आसपास के लोग जुट गए। तब वह दीवार फांद भाग गया। रात में ही इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है। इस घटना के बाद गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है। लोग उस वहशी को जल्दी गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### चुनाव कार्य से मुक्ति हेतु 28 व 29 सितंबर को होगी मेडिकल जांच

**बक्सर।** जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा दिये गये निदेर्शालोक में नगरपलिका आम निर्वाचन 2022 के अवसर पर मतदान कार्य हेतु पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति मतदान दल के रूप में की गयी है। साथ ही, उनका प्रथम नियुक्ति पत्र निर्गत किया जा चुका है। मतदान दल में प्रनियुक्ति पदाधिकारी एवं कर्मियों में से कुछेक पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा अस्वस्थ होने का उल्लेख करते हुए चुनाव कार्य से मुक्त करने हेतु आवेदन दिया जा रहा है। वैसे पदाधिकारी एवं कर्मी जिनके द्वारा अस्वस्थ होने का उल्लेख करते हुए चुनाव कार्य से मुक्ति हेतु आवेदन समर्पित किया गया है। उनके स्वास्थ्य जांच हेतु दिनांक 28 व 29 सितंबर तक पूर्वाहन 10:00 बजे से समाहरणालय परिसर में कैम्प आयोजित कर संबंधित कर्मियों की स्वास्थ्य जांच चिकित्सक दल द्वारा की जानी है। अतः निदेशित किया जाता है कि नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के अवसर पर चिकित्सक दल का गठन करते हुए दिनांक 28.09.2022 से दिनांक 29.09.2022 तक पूर्वाहन 10:00 बजे से समाहरणालय परिसर में कैम्प आयोजित कर अपर समाहर्ता बक्सर की अध्यक्षता में संबंधित कर्मियों की स्वास्थ्य जाँच कर प्रतिदिन संध्या में प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

## अग्निशमन विभाग के मौक ड्रिल में जीविका दीदियों ने जाना आग पर काबू पाने का तरीका

**केटी न्यूज / डुमरांव (बक्सर)**



नया भोजपुर में जीविका दीदियों को बिहार अग्निशमन विभाग की टीम की ओर से घरेलू गैस-सिलेंडर से लगने वाली आग पर तत्काल काबू पाने के उपायों की जानकारी दी गई। अग्निशमन प्रभारी विजेंद्र कुमार, सहयोगी चंदन शर्मा व चंदा प्रसाद के साथ मॉक ड्रिल कर काफी बारीकियों से जीविका दीदियों को आग पर काबू पाने के उपायों को बताया। उन्होंने बताया कि फूस की झोपड़ी पर मिट्टी का लेप करें। खाना बनाते समय बर्तन में पानी रखें। जहां तक संभव हो सके खाना खुले जगहों पर ही बनाना चाहिए। खाना बनाने के बाद गैस-सिलेंडर के रेगुलेटर को अच्छी तरह बंद करें तथा आग लगने पर 101 डायल करने की बात कहीं। अग्निशमन प्रभारी ने बताया कि खाली प्लास्टिक बाल्टी से सिलेंडर को ढकने पर भी गैस का रिसाव कम होगा। सूती कपड़े को भिगोकर ढकने का भी तरीका बताया। अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गैस-सिलेंडर नियम के विरुद्ध इसका भंडारण न करें।

सिलेंडर में जरा सा भी लीकेज का आभास होते ही पास-पड़ोस की अंगीठियों या जलती हुई बीड़ी-सिगरेट को बुझा दें और जब तक घर का वायुमंडल शुद्ध न हो जाये तब तक दिया-सलाई का उपयोग न करें। साथ ही, गैस-चूल्हे के पास बिजली और किरोसिन का स्टाप एक साथ नही जलाये, इससे आग लगने का खतरा बना रहता है। अगर जीविका दीदी छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दे तो आगलगी की घटनाओं से बचाव हो सकता है। मौके पर आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका तथा सहायिका सहित अन्य मौजूद थे।

## निजीकरण के खिलाफ जिलेभर के ग्रामीण बैंकों में लटके रहे ताले

**केटी न्यूज/बक्सर**

निजी करण के खिलाफ अरेबिया के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के ग्रामीण बैंकों में ताला लटका रहा। आईपीओ के 34 प्रतिशत हिस्सेदारी तथा श्रम शक्ति के दोहन के खिलाफ ग्रामीण बैंक वालों ने एकदिवसीय हड़ताल किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत किए गए इस हड़ताल के माध्यम से ग्रामीण बैंक वालों ने केंद्र सरकार से ग्रामीण बैंकों के निजीकरण के प्रयास वाले नियम को वापस लेने तथा श्रम शक्ति के दौरान रोकने की मांग किए। मिली जानकारी के अनुसार जिलेभर के ग्रामीण बैंक बंद रहे जिस कारण उपभोक्ताओं को लेन-देन के लिए परेशान होना पड़ा। जबकि लाखों का व्यवसाय भी ठप रहा। इस दौरान ग्रामीण बैंक एसोसिएशन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा यदि इस कानून को वापस नहीं लिया गया तथा निजी करण की साजिश को नहीं रोका गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। हड़ताल में शामिल बैंक कर्मियों में अशोक कुमार सिंह, अंजनी कुमार ओझा, एमएम ओझा, मोहम्मद मुस्ताक रितेश कुमार मदन प्रसाद, आलोक कुमार पांडेय, सन्नी, मनोज समेत सैकड़ों कर्मी शामिल रहे। ग्रामीण बैंकों के हड़ताल का व्यापक असर देखा गया।

# दुर्गा पूजा पंडाल में दिखेगी आजादी के अमृत महोत्सव की झलक

- शहीद गेट पर 30 फुट ऊंचा बनेगा पंडाल, निर्माण कार्य में जुटे कारीगर

**केटी न्यूज/डुमरांव ( बक्सर )**



शहीद गेट पर स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा (फाइल फोटो)

डुमरांव के शहीद गेट पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' थीम पर दुर्गा पूजा पंडाल बनाने का कार्य शुरू हो गया है। यह पंडाल 30 फुट ऊंचा होगा, जिसके निर्माण कार्य को लेकर राजस्थान के कारीगर जुट गये है। श्रद्धालु शाही महल के देशभक्ति पंडाल में मां दुर्गा के नौ रूपों के साथ लक्ष्मी, गणेश, कार्तिकेय, सरस्वती के साथ मां काली का भी दर्शन करेंगे। प्रतिमा और पंडाल को भव्य रूप देने के लिए कारीगर अभी से ही जुटे गये हैं। शहीद गेट दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष काजू जायसवाल ने बताया कि क्रांतिकारियों ने शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा की पूजा कर देश के आजादी की लड़ाई लड़ी थी। देशभक्ति थीम के जरिये युवाओं को आजादी का महत्व समझाने का प्रयास किया जायेगा। पंडाल के निर्माण में राजस्थान के कारीगरों के साथ-साथ स्थानीय कारीगर भी जुटे है। सदस्य बताते है कि मां की प्रतिमा और पंडाल के निर्माण में करीब दो लाख से अधिक राशि का बजट बनाया गया है। इस बजट में स्थानीय दुकानदारों व समिति के सदस्यों का अहम योगदान है। शहीद गेट के पंडाल और प्रतिमा शहर के लिए चर्चित रहा है। इस बार विशेष रूप से देशभक्ति शाही महल थीम पर पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। नवरात्र के सप्तमी के दिन पट खुलने के दौरान आरती का आयोजन किया जाता है। यह सिलसिला अष्टमी और नवमी को रहता है। आरती के दौरान ढोल-नगाड़ों और वैदिक मंत्रोच्चारण की धुन बनी रहती है। इस मौके पर महिला व पुरुष श्रद्धालु उमड़ते है। समिति के कोषाध्यक्ष कृष्णा कुमार, सचिव शिवम गुप्ता, महासचिव कृष्णा गुप्ता, संयोजक बब्लू गुप्ता, सौरभ केशरी, पवन कुमार, विष्णु केशरी, ओंकार, पंडित गुप्ता, गौरव जायसवाल, सिम्बा, दीपू, कमलेश आदि ने बताया कि महाआरती के उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। शाही महल में मां के हर रूपों के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की श्रद्धा उमड़ी रहती है। जिसे पूजा समिति के सदस्य कई सुविधाओं के साथ तैनात रहेंगे। मां के दर्शन के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग रास्ते बनाये जायेंगे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के साथ पूजा कमिटी के सदस्य भी मुश्तैद रहेंगे।

## शहर छोटी खबरें

### जमीन को लेकर हुए विवाद में एक की हत्या, गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जिले के दुल्लहपुर क्षेत्र के शिवपुर (सोईया) गांव में शुक्रवार को आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर बवाल में एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। विवाद में कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिवपुर (सोइया) गांव में मन्नु यादव, गुड्डू यादव तथा जयराम यादव व अन्य लोगों के बीच आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर पुराना विवाद था। सभी आपस में पड़ोसी हैं। मामले में दीवानी का मुकदमा 2014 से चल रहा है। एक दिन पूर्व इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा थाने में हुई पंचायत के बाद पुलिस के फैसले के अनुसार अपने-अपने कब्जे को लेकर पिलर लगाया जाना तय हुआ था। जिसमें मन्नु यादव की तरफ से अपने कब्जे वाली जमीन पर पुलिस की उपस्थिति में पिलर लगाया गया था। इसके बाद पुलिस यह कहकर लौट गई थी कि कोई आपस में विवाद नहीं करेगा। गांव के लोगों ने बताया कि एक गोली गुड्डू यादव के सीने में तथा दूसरी गर्दन के पास लगी। जबकि तीसरी गोली गुड्डू यादव के पुत्र इंद्रजीत के दाहिने पैर में लगी। इलाज के दौरान गुड्डू यादव की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने बताया कि मामले में लाइसेंसी पिस्टल के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

### गैंगस्टर मामले में पेश हुए बीएसपी सांसद अफजाल

**गाजीपुर।** बीएसपी सांसद अफजाल अंसारी शुक्रवार को गैंगस्टर मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने गैंगस्टर मामले में अफजल पर चार्ज फ्रेम किया। मामले की अगली तिथि 3 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। वर्ष 2007 में मोहम्मदाबाद पुलिस ने भांवरकोल थाना में स्वर्गीय विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड और वाराणसी के एक मामले में अफजाल अंसारी पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया था। मामले में सांसद अफजाल अंसारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश एमपी/एमएलए कोर्ट के द्वारा दिया गया था। उपस्थित न होने पर आज गैर जमानती वारंट भी जारी किया जा सकता था।

### जल संरक्षण को लेकर निकाली गई जन जागरूकता रैली

**गाजीपुर।** जल संरक्षण अभियान अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर में जन जागरूकता रैली आमघाट गांधी पार्क से निकाली गयी, जो महुआबाग, मिश्रबाजार, लालदरवाजा होते आमघाट गांधी पार्क मे ही समाप्त हुई। रैली मे नारों तथा प्रपत्रों के माध्यम से आम जन को सावधान करते हुए जल संचयन के लाभ से अवगत कराया गया। इस अवसर पर लोगों को जल संचयन और संरक्षण के लिए श्पथ दिलाई गयी। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अब्दुल कादिर, रास बिहारी राय, सुनील , अभिनव, हेमन्त सन्तोष , अर्जुन सेठ, अजय, गिरधारी आदि मौजूद रहें।

# 'मीराबाई चरित्र लीला' के मंचन में श्रद्धालुओं ने जाना भक्त और भगवान के बीच का रिश्ता

## मीरा बाई की श्रीकृष्ण के प्रति थी अटूट श्रद्धा

**केटी न्यूज/बक्सर**



21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव का छठवें दिन श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मंच पर दिन शुक्रवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान 'मीराबाई चरित्र लीला' के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि मीराबाई पूर्व जन्म में ब्रज की श्यामा नामक गोपी भी होती है, जिसका विवाह बृज में ही रहने वाले सबल नामक ग्वाले से होता है। सबल जब अपनी गोपी को ससुराल लेकर आते हैं, तभी मार्ग में उन्हें कृष्ण ने जाते हैं श्री कृष्ण गोपी का मुख देखना चाहते हैं परंतु गोपी उन्हें अपना मुख इसलिए दिखाने से मना कर देती है कि कृष्ण माखन चोर है। इस बात पर कृष्ण ने गुस्सा करते हुए कहा कि आज तुम अपना मुंह नहीं दिखा रही हो, तो एक दिन ऐसा आएगा कि तुम हमारे मुंह देखने के लिए तरस जाओगी।

**बाल कृष्ण की मुर्ति देखकर मोहित हो गई मीरा :** दूसरे जन्म में मीरा बाई जब बाल्य अवस्था में थी तो उनके पड़ोस में एक संत का प्रवचन हो रहा था। मीरा भी अपने मां के साथ प्रवचन सुनने गई। जहां संत के पास रखी बाल कृष्ण की मुर्ति देखकर मोहित हो गई और उस मुर्ति को संत से जिद करके मांग लेती है। इस दौरान मीरा ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है। इस पर मीराबाई की माता ने श्रीकृष्ण की मूर्ति की तरफ इशारा कर कह दिया कि वही तुम्हारे दूल्हा हैं। यह बात मीराबाई के बाल मन में एक गांठ की तरह बंध गई। मीराबाई का विवाह मेवाड़ के सिसोदिया राज परिवार में राणा सांगा के पुत्र भोजराज से कर दिया गया। इस शादी के लिए पहले तो मीराबाई ने मना कर दिया। पर जोर देने पर वह फूट फूटकर रोने लगी और विदाई के समय कृष्ण की वही मूर्ति अपने साथ ले गई। जिसे उसकी माता ने उनका दूल्हा बताया था। मीराबाई के विवाह के दस बरस बाद उनके पति का देहांत हो गया। मीराबाई के कृष्ण प्रेम को देखते हुए लोक लाज की वजह से मीराबाई के ससुराल वालों ने उन्हें मारने के लिए कई चालें चली पर सब विफल रहीं। मीराबाई ने भक्ति को एक नया आयाम दिया है, एक अच्छा खासा राजपाट होने के बाद भी मीराबाई वैरागी बनी रहीं। कालांतर में मीराबाई द्वारिका में भगवान द्वारिकाधीश रणछोड़ जी के विग्रह में विलीन होकर भगवान श्रीकृष्ण के परम धाम चली गई। इस दौरान दृश्य को देख दर्शक भावविभोर हो जाते हैं।

**अहिल्या का उद्धार कर श्रीराम लक्ष्मण पहुंचे जनकपुर :** वहीं देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान 'नगर दर्शन व फुलवारी' के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि रास्ते में गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार करने के पश्चात विश्वामित्र जी व राम लक्ष्मण आगे बढ़ते हुए जनकपुर के बगिचे में पहुंच जाते हैं। जहां जनकपुर नरेश महाराजा जनक जी विश्वामित्र जी का यथोचित स्वागत कर नगर के समिप लाते है। तब श्री राम और लक्ष्मण दोनों मुनि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर नगर का दर्शन करने जाते हैं और नगर की शोभा देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। पूरे नगर में श्री राम का गुणगान होता है इसके बाद दोनों भाई आश्रम लौट आए। दूसरे दिन भोर में मुनि विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को पुष्प लेने के लिए वाटिका भेजते हैं। फुलवारी के बीच राम लक्ष्मण पुष्प तोड़ रहे थे। उधर सीताजी भी भोर में आठ सखियों के साथ पुष्प वाटिका पहुंचती हैं। सीताजी की नजर राम पर पड़ती है और वह राम को पुनः देखने की लालसा सखियों से आग्रह करती हैं। तभी आकाशवाणी हुई तो सीता जिसे तुम देख रही हो वही तुम्हारे वर हैं। फिर सीता जी गौरी मंदिर जाती है। जहां गौरी जी सीता को मनोवांछित वर का वरदान देती है। फुलवारी लीला का सजीव मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रामलीला पांडाल दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था।

# पुलिस मुठभेड़: पकड़ा गया पच्चीस हजार रुपये का इनामी, एक फरार

## अंतरराज्यीय घटनाओं को अंजाम दे चुका है वांटेड अपराधी दिलीप, अस्पताल में इलाजरत

- पुलिस ने अस्पताल में की पूछताछ, कई वारदातों में शामिल होने की स्वीकार की बात
- पुलिस ने अपराधी के पास से जब्त किए एक तमंचा, चार कारतूस व एक बाईक

**केटी न्यूज / गाजीपुर**



यूपी के गाजीपुर व झारखंड के विभिन्न जिलों में लूट व हत्या का उद्भेदन गाजीपुर पुलिस के द्वारा किया गया। जिसमें पुलिस ने लूट व हत्या में शामिल एक और वांटेड व 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी मुठभेड़ में पकड़ा गया। जिसमें कोतवाली थाना व स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। पकड़ा गया अपराधी यूपी के अतरौलिया (आजमगढ़) स्थित बूढनपुर प्रखंड के गोविंदपुर निवासी सुरेन्द्र यादव का बेटा दिलीप यादव बताया जा रहा है। जो झारखंड के सरायकेला से लोड होकर पश्चिम बंगाल के लिए निकली हुई ट्रक की लूट की घटना व चालक की हत्या मामले में इनामी वांटेड है। हालांकि, पुलिस ने उससे पूरे दिन पूछताछ की। जिसमें उसने कई वारदातों में शामिल होने की पुष्टि की है। पुलिस ने अपराधी के पास के एक तमंचा, 0.315 बोर के 4 कारतूस, एक स्पेलंडर मोटरसाईकिल जब्त किया है। पूर्व में पकड़े जा चुके साथियों के पास से लूट का ट्रक वाहन था उक्त ट्रक वाहन पर लदे हुए 20,000 किलो लोहे की सरिया भी बरामद किया गया था, जिसमें इसकी पूर्ण सहभागिता थी। साथ ही, पुलिस मौके से फरार उसके साथ की को पकड़ने में जुटी हुई है।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक रोहन बोत्रे ने जिले में अपराध व अपराधियों की रोकथाम के लिए विशेष चेकिंग अभियान जारी किया है। जिसके तहत बीते 22 सितंबर को जिले में सघन चेकिंग चलाया जा रहा था। इस क्रम में रात 11 बजे कोतवाली थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अंधवा मोड़ पर जवानों द्वारा बैरिकेटिंग लगाकर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान दो तेज रफ्तार स्पेलंडर बाइक से दो संदिग्ध व्यक्ति बैरिकेटिंग से बचते हुए व गाली देते हुए भागने निकले। जिसके बाद कोतवाली प्रभारी निरक्षक ने अपने वाहन से दोनों बाइक पर सवार संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा करना शुरू किया। साथ ही, उन्होंने मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। जिसके बाद कंट्रोल रूम की सूचना पर जमानियां मोड़ तिराहे पर चेंकिग कर रह रजदेपर चौकी इंचार्ज ने दोनों संदिग्धों को रोकने की कोशिश की गई। लेकिन, उन्होंने बाइक को बहुत तेजी से उनके तरफ मुड़ाया, जिससे चौकी इंचार्ज थोड़ा पीछे हट गए। जिसका फायदा उठाकर दोनों फरार हो गए।

मामले की गंभीरता और संदिग्धों की हरकतों को देखकर पुलिस का शक बढ़ गया। उसके बाद रजागंज चौकी क्षेत्र में चेकिंग कर रही एसओजी टीम कन्ट्रोल रूम की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र की तरफ बढ़ी। जिसके बाद एसओजी की टीम व कोतवाली पुलिस के द्वारा सुखदेव चौराहे के पास रेलेव ब्रिज के ऊपर उक्त संदिग्ध बाइक सवार बदमाशों की घेराबंदी की गई।

घेराबंदी देखकर उनमें से एक ने एसओजी की टीम पर फायरिंग करनी शुरू की। ताकि, पुलिस को चकमा देकर वह भाग सके। पुलिस टीम के जवाबी फायरिंग में बाइक पर सवार दिलीप यादव के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। लेकिन, बाइक सवार अन्य एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

**आपराधिक इतिहास**

- आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाना में कांड 228/2019। जिसमें धारा 120इ/201/302/394/411/413/414 आईपीसी।
- गोंडा जिले के नवाबगंज थाना में कांड 099/2022 में धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम के अलावा 11 पशु क्रूरता व 419/420/467/468/471 आईपीसी
- गाजीपुर जिले के गहमर थाना में कांड संख्या 249/2022 के तहत धारा 41/411/414/420/467/468/471 आईपीसी।
- गाजीपुर जिले के गहमर थाना में कांड संख्या 247/2022 धारा 307 आईपीसी।

## एक नजर

### मांगों के खिलाफ 85 ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, रखी अपनी मांग



**बलिया।** अरेबिया के बैनर तले बड़ौदा यूपी बैंक आफिसर्स एसोसियेशन, बड़ौदा यूपी बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन एवं बड़ौदा यूपी बैंक सेवानिवृति कर्मी कल्याण समिति इकाई द्वारा ग्रामीण बैंक से जुड़े विभिन्न मांगों के लिए एक दिवसीय हड़ताल का आयोजन बड़ौदा यूपी बैंक क्षेत्रीय कार्यालय पर किया गया। इसमें जिले की सभी 85 शाखाओं के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसमें प्रमुख मांगे ग्रामीण बैंकों में आइपीओ लाने का विरोध, राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना, प्रायोजक बैंकों के समान प्रोन्नमांति प्रक्रिया, प्रायोजक बैंक के नए साथियों को पेंशन सुविधा, सफाईकर्मियों एवं दैनिक वेतन भोगियों की स्थायीकरण आदि मुद्दे मुख्य रूप से उठाए गए। इस अवसर पर बड़ौदा यूपी बैंक आफिसर्स एसोसियेशन के संरक्षक राजेश सिंह ने बैंक की समस्यायों को उठाया। उन्होंने आंदोलन आगे जारी रखने की बात कही। वक्ताओं में विक्रमादित्य सिंह, नित्यानंद पांडेय, सुधीर शुक्ला, गोरखनाथ सिंह, निशांत सिंह, डीएन सिंह, अशोक यादव, मुकेश कुमार, विक्रांत सिंह, चंदन कुमार, अभिषेक पांडेय, विरेन्द्र कुमार, अजीत कुमार, अर्चना सिंह, उषा आदि रही। अंत में आभार समीर कुमार सिंह द्वारा वक्त किया गया।


### अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**बलिया।** रसड़ा थाना अंतर्गत सांवरा पंडितपुरा अनुसूचित बस्ती के पास रसड़ा-बलिया मार्ग पर गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पहाड़पुर निवासी दीनबंधु यादव पुत्र स्व. गणेश यादव घर से सांवरा जा रहे थे। सांवरा पंडितपुरा के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने धक्का मार कर फरार हो गया। इससे दीनबंधु यादव (50) की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना संवारा पुलिस चौकी को दी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। इसकी सूचना जब गांव वालों को मिली तो गांव में कोहराम मच गया। पत्नी व उनकी तीन लड़कियों का रोते-रोते बुरा हाल है।

### घरेलु कलह से तंग आकर महिला ने दे दी जान

**बलिया।** गुरूवार की देर शाम थाना क्षेत्र के बड़ी बलिया उतरी पंचायत के कस्बा गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान श्याम तांती की 27 वर्षीय पत्नी कंचन देवी के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अभय शंकर ने बताया कि घटना की घटनास्थल पर पुलिस बल भेजकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिजनों से पूछताछ के दौरान बताया गया कि पारिवारिक विवाद के कारण मृतका कंचन देवी ने फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। शव जमीन पर रखा हुआ पाया गया है। वहीं मृतका के एक 8 वर्षीय पुत्र एवं दो पुत्री है। घटना को लेकर परिजन के द्वारा स्थानीय थाना में लिखित सूचना नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतका के परिजन ने बताया कि पति श्याम तांती देहरादून में रहकर राजमिस्त्री का काम करता है। घटना की सूचना मृतका के पति को दे दी गई है। विवाहिता की शादी बेगूसराय जिला के पकठौल गांव के समीप 10 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज के साथ की गई थी। जबकि घटना की सूचना मिलते ही मृतका का भाई एवं मां पहुंच कर अपनी बेटी से लिपटकर दहाड़ मार कर रो रोने लगे। बेटी की मौत के बाद सदमे के कारण वह बेहोश हो जा रही थी। घटना की सूचना मिलते हैं ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं दूसरी ओर घटना को लेकर पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

### समूह से पैसा कलेक्ट कर लौट रहे फाइनेंस कर्मचारी को मारी गोली



**रोहतास ।** जिले के संझौली प्रखण्ड क्षेत्र के डेहरी-बक्सर कैनाल पथ पर अमैंठी लख पर शुक्रवार शाम फाइनेंस कर्मी की लूट के क्रम में गोली मारकर के हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े लूट के दौरान हत्या के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर जुटे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे संझौली थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत फाइनेंस, नोखा के कर्मी ऋषि कुमार जो धन कुटिया, सराव गांव से समूह का पैसा कलेक्शन करके अपने बाइक से वापस नोखा लौट रहा था। इस क्रम में अमेठी लख पर अपराधियों ने लूट ने के क्रम में गोली मारकर के हत्या कर दी और पैसों से भरा बैग लेकर भाग निकले। घटना स्थल पर सुनसान होने कारण किसी ने अपराधियों को नहीं देखा। बताते हैं कि मृतक भरत फाइनेंस के कर्मी ऋषि कुमार समूह से पैसा कलेक्शन कर लौट रहे थे। उनके पास लगभग 50 से 70 हजार रुपये था, जिसे लूटने का प्रयास अपराधियों ने किया। इसमें असफल होते देख गोली मार दी और घटनास्थल पर ही कर्मी की मौत हो गई।

## हत्या कर सड़क किनारे शव फेंकने मामले में नर्सिंग होम संचालक समेत दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



गाजीपुर पुलिस और सर्विलांस टीम ने हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंकने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि आरोपी ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद शव को सड़क के किनारे फेंक दिया था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि हत्या आरोपी नर्सिंग होम संचालक रमेश बिंद को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर सिरगिथा बाजार से करीब 100 कदम दूरी से दूसरे आरोपी रविन्द्र बिन्द को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त रमेश कुमार बिंद अपने भतीजा एवं सह अभियुक्त रविन्द्र कुमार बिंद को नौकरी दिलाने के नाम पर शिवचरन को करीब 10 माह पूर्व 1.5 लाख रूपया नगद दिया था। नौकरी न दिलाने पर अभियुक्त रमेश कुमार बिन्द शिवचरन राम से अपना रूपया मांगने लगा। लेकिन वह पैसा लौटाने से मना कर रहा था।

19 सितंबर को दोनों अभियुक्त मृतक शिवचरन के घर ग्राम चौरा थाना शादियाबाद जाकर कार में मृतक शिवचरन बिंद को बैठा लिए। गांव से थोड़ी दूर सय्यद कबीर बाबा के मजार के निकट पहुंचकर सडक के किनारे मारपीट कर मौत के घाट उतार दिए। इसके बाद शव को बेसो नदी के पुल के आगे ग्राम युसुफपुर के पास सडक के किनारे फेंक दिये। सर्विलांस टीम की सहायता से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त रमेश कुमार बिंद की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त उपरोक्त कार को पुनीत कार सेल्स लि0 पडाव वाराणासी से बरामद कर हत्या में प्रयुक्त लकडी का डंडा एवं मृतक की बाएं पैर की एक चप्पल व मृतक का निर्वाचन प्रमाण पत्र बरामद किया गया।

### चार साल से चल रहा आरोपित गिरफ्तार

**रोहतास ।** पुलिस ने शुक्रवार को कुख्यात सड़क लुटेरा खुशनसीब आलम उर्फ सबीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। खुशनसीब ने 2018 में एक के बाद एक कई घटनाओं को अंजाम दिया और उसके बाद फरार हो गया था। जिले के पांच थानों की पुलिस उसकी तलाश में थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने बताया कि जिले में पूर्व के गंभीर मामलों, लूट, डकैती आदि के फरार चल रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शुक्रवार को जानकारी मिली कि चार साल से फरार अपराधी अगरेर थाना क्षेत्र के बाराडीह टोला में छुपा हुआ हैं।

# संसार से मोहभंग किए बिना परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती : जीयर स्वामी

- इंद्रियों व मन पर नियंत्रण करने वाला ही समाज के लिए अनुकरणीय होता है

**केटी न्यूज / बलिया**



जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि संसार से मोहभंग किए बिना परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती। एक तरफ संसार से मोह और दूसरी तरफ परमात्मा की प्राप्ति ये कभी संभव नहीं है। यह एक नदी के दो किनारे हैं। इसलिए परमात्मा प्राप्ति के लिए संसार से मोहभंग करना ही होगा। जितनी भी सुख सुविधाओं की इच्छा करेंगे। उतना ही, आप परमात्मा से दूर होते चले जाएंगे। संसार में रहिए परिश्रम कीजिए जीविकोपार्जन कीजिए और गृहस्थ आश्रम में रहिए। लेकिन ध्यान परमात्मा में लगाए रखें। तभी कल्याण संभव है। प्रकाश वही देता है, जो स्वयं प्रकाशित होता है। जिसका इंद्रियों और मन पर नियंत्रण होता है, वही समाज के लिए अनुकरणीय होता है। जो इंद्रियों और मन को वश में करके सदाचार का पालन करता है, समाज के लिए वहीं अनुकरणीय होता है। केवल वेश-भूषा, दाढ़ी-तिलक और ज्ञान-वैराग्य की बातें करना संत की वास्तविक पहचान नहीं। उन्होंने कहा कि विपत्ति में धैर्य, धन, पद और प्रतिष्ठा के बाद मयार्दा के प्रति विशेष सजगता, इंद्रियों पर नियंत्रण और समाज हित में अच्छे कार्य करना आदि साधू के लक्षण हैं।

जीयर स्वामी ने कहा कि मूर्ति की पूजा करनी चाहिए। मूर्ति में नारायण वास करते हैं। मूर्ति भगवान का अर्चावतार हैं। मंदिर में मूर्ति और संत का दर्शन ऑखें बन्द करके नहीं करना चाहिए। मूर्ति से प्रत्यक्ष रुप में भले कुछ न मिले लेकिन मूर्ति-दर्शन में कल्याण निहित है। एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मूर्ति से ज्ञान और विज्ञान को प्राप्त किया। श्रद्धा और विश्वास के साथ मूर्ति का दर्शन करना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद्य एवं मत्सर से बचना चाहिए। ये आध्यात्मिक जीवन के रिपु हैं। मत्सर का अर्थ करते हुए स्वामी जी ने बताया कि उसका शाब्दिक अर्थ द्वेष - विद्वेष एवं ईर्ष्या भाव है। दूसरे के हर कार्य में दोष निकालना और दूसरे के विकास से नाखुश होना मत्सर है। मानव को मत्सरी नहीं होना चाहिए। अगर किसी में कोई छोटा दोष हो तो उसकी चर्चा नहीं करनी चाहिए। जो लोग सकारात्मक स्वाभाव के होते हैं, वे स्वयं सदा प्रसन्नचित्त रहते हैं। इसके विपरीत नकारात्मक प्रवृति के लोगों का अधिकांश समय दूसरे में दोष निकालने और उनकी प्रगति से ईर्ष्या करने में ही व्यतीत होता है।